Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005

Participants : Koli Shri Ramswaroop

an>

Title : Need to provide office accommodation and travel facilities to office bearers of Panchayats and Nagar Palikas in the country.

श्री राम स्वरूप कोली (बयाना) : महोदय, पंचायत राज में सरपंचों और उप सरपंचों के चुनाव होते हैं। इसी तरह पंचायत समितियों में सदस्य तथा प्रधान व उपप्रधान के लिए तथा जिला परिदों में सदस्य, जिला प्रमुख तथा उप जिला प्रमुख के लिए भी चुनाव होता है।

सरपंचों, प्रधानों व जिला प्रमुखों को अपने कार्य निर्वहन के लिए सभी सुविधायें मुहैया करायी जाती हैं, किंतु उप सरपंचों, उप प्रधानों तथा उप जिला प्रमुखों को अपने सफल कार्य निर्वहन हेतु कोई सुविधा उपलबध नहीं करायी जाती है। नगर पालिकाओं में भी उपाध्यक्षों का भी यही हाल है। भारत सरकार से अनुरोध है कि उन्हें कार्यालय तथा यात्रा की सुविधायें उपलब्ध कराकर अथवा कार्यालय एवं यात्रा भत्ता देकर, पंचायत राज को अमली जामा पहनायें।